हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 6 सितंबर 2026

04 न्यायालय ने प्रांगन्याय के तहत सनातन धर्म मंडल...



07 शिक्षकों ने काली पट्टी और काले कपड़े पहनकर शिक्षक दिवस पर टीईटी...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

मानस भवन में गोवर्धन पर्वत पर विराजमान हुए खाटू श्याम



गुना। श्री श्याम मित्र मंडल गुना द्वारा मानस भवन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें विवेक गर्ग ने बताया श्री खाटू श्याम जी को गोवर्धन पर्वत पर खाटू श्याम जी को विराजमान किया। भव्य दरबार सजाया गया एवं छप्पन भोग लगाया जिसमें रात को बारह बजे बाबा को केक का भोग लगाया और सभी को टोपिया खेल खिलोने बांटे, इत्र वर्षा फूलो कि होली खेली गई और 51 दीपो से बाबा श्याम जी कि महा आरती कि इसके बाद सभी सभी लॉगो ने प्रसाद लिया और श्याम मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने विशेष सहयोग दिया और राम बाबू ने कहा पिछले 50 वर्षो से कृष्ण जन्माष्टमी मनाते है और हर साल एक अलौकिक भव्य दर बार लगाते है।उन्होंने कहा बाबा श्याम कि बड़ी कृपा रहती है और जो व्यक्ति बाबा के धाम मे जाता है उसकी अर्जी हमेशा लगती है। बाबा सब कि झोली भरते है। जिसमें काफी लोग जुड़े है। अनिल गर्ग,श्याम गर्ग, मोनू गर्ग, कपिल अगरवाल, आदि सभी महिलाओं का सहयोग रहता है।

रिमझिम बारिश के बीच हुई मटकी और प्रतियोगिता आयोजित



राघौगढ़। भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव को हर्ष उल्लास धूमधाम औरश्रद्धा के साथ मनाया गया एक और घरों और मंदिरों में पूजन अर्चन का सिलसिला चलता रहा नगर में मुख्य चौराहे पर किला तिराहे पर एवं वार्ड क्रमांक 4 व कई स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई रात 12: बजते ही लड्डू गोपाल का जन्म होते ही आल की ना पालकी जय कन्हैया लाल की जय कारो से गूंज उठा नगर मंदिरों पर पूजा अर्चना भजन संध्या का आयोजन किया गया केले फल पंजीरी और मावा मिश्री दूध दही प्रसादी का जगह-जगह वितरण किया गया छोटे-छोटे बच्चे कृष्ण बनकर नगर में आकर्षण का केंद्र रहे ।

नेत्रदान महादान जागरूकता के तहत 54वां नेत्रदान

गुना। जैन श्वेताम्बर नवयुवक मंडल और लायंस आई हॉस्पिटल के नेत्रदान जागरूकता अभियान के तहत शहर का 54वां नेत्रदान किया गया। सुरेश चंद जैन के निधन की सूचना मिलने पर नवयुवक मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष विपिन टांटिया ने नेत्रदान के लिय शोक संतप्त परिवार से नेत्रदान के लिए संपर्क किया। परिवार की सहमति मिलने के बाद लायंस आई हॉस्पिटल की टीम को सूचना दी गई और नेत्रदान संपन्न कराया गया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दोनों नेत्र सुरक्षित रूप से प्राप्त किए गए। नेत्रों को आगे की जांच और प्रत्यारोपण के लिय इंदौर स्थित एम.के इंटरनेशनल भेजा गया। ज्ञात हो कि नेत्रदान के लिय मृत्यु से पहले संकल्प पत्र भरना अनिवार्य नहीं है। मृत्यु के बाद परिवार की सहमति और समय पर सूचना मिलने पर भी नेत्रदान संभव है। नेत्रदान में कोई धार्मिक अड़चन भी नहीं है। मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद भी नेत्रदान संभव रहता है।



48 घंटे से लगातार बारिश का दौर जारी, गोपीसागर के दो गेट खुले

सुबह से शाम तक हुई 23.4 मिमी बारिश, धुंध और ठंडक के बीच दर्ज हुआ दिन का तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में पिछले 48 घंटों से जारी मूसलाधार बारिश के बाद शनिवार को भी मौसम के तेवर तल्ख बने रहे। बारिश के चलते इस सीजन में पहली बार ऐतिहासिक गोपीकृष्ण सागर (गोपीसागर) डैम का जलस्तर नियंत्रित करने के लिए दो गेट खोलने पड़े हैं। वहीं शहर के प्रमुख सिंगवासा और भुजरिया तालाब लबालब होकर ओवरफ्लो हो रहे हैं। शनिवार को भी दिनभर रुक-रुक कर रिमझिम और तेज बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 5 सितंबर को सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच शहर में 23.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। दिनभर घने बादलों और रिमझिम फुहारों के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान सिमटकर 24.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, वहीं न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में महज 1.6 डिग्री का अंतर रहने से वातावरण में खासी ठंडक घुल गई है। सुबह और शाम दोनों समय हवा में नमी (आर्द्रता) 98 प्रतिशत का उच्चतम स्तर छू चुकी है।



गोपीसागर डैम से छोड़ा जा रहा 164 क्यूमेक्स पानी

जैलभराव को देखते हुए बांध प्रबंधन ने डैम के गेट नंबर-2 को 0.50 मीटर और गेट नंबर-3 को 1.00 मीटर तक खोला है। कुल 1.50 मीटर गेट खोलकर लगभग 164.44 क्यूमेक्स पानी चोपन नदी में डिस्चार्ज किया जा रहा है।

चोपन नदी के किनारे बसे 7 गांवों में अलर्ट जारी

डैम से छोड़े जा रहे पानी को देखते हुए प्रशासन ने निचले इलाकों में हाई अलर्ट जारी किया है। रूठियाई, अजरोड़ा, ब्रसंगपुरा, दावतपुरा, बालाभेंट, कोटरा और भुलाय गांवों के निवासियों को चोपन नदी और रपटों के पास न जाने की हिदायत दी गई है। साथ ही ग्रामीणों को मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में अब तक 859.4 मिमी बारिश

जुलाई और अगस्त में सूखा झेल रहे जिले के लिए सितंबर की शुरुआत राहत भरी साबित हुई है। जिले में अब तक कुल 859.4 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है, जिससे सीजन का लगभग 84 प्रतिशत कोटा पूरा हो चुका है। ब्लॉकवार बारिश में मकसूदनगढ़ (1368 मिमी) सबसे आगे है, जबकि कुंभराज में 1103 मिमी और चांचौड़ा में 937 मिमी बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में भी बादल छाए रहने और मध्यम से तेज बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है।

बरसात में उल्टी-दस्त, बुखार एवं सर्पदंश से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

वर्तमान में मौसम में बदलाव के साथ बरसात में उल्टी-दस्त, बुखार के साथ ही सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि होने की संभावना प्रबल होती है। विशेष तौर से बरसात के मौसम में आम बीमारी है जो मुख्य रूप से बरसात का पानी पेयजल स्त्रोतों में मिल जाने से खुले नदिया नाले एवं कुंआ का पानी पीने से साथ ही दूषित, बासा भोजन करने के कारण होते हैं। इनसे बचाव के लिए पीने के पानी को 10-15 मिनिट तक उबालें एवं ठंडा कर पीयें। खाना खाने से पहले और शौच के बाद हाथ पानी एवं साबुन से अच्छी तरह से धोंए। हमेशा ताजा एवं गर्म भोजन करें एवं भोजन को ढककर रखें। नदी, तालाब या खुले कुंए का पानी न पीयें। बाजार में खुले में रखी मिठाईयां या अन्य खाद्य सामग्री, कटे हुए फल, कटी हुई सब्जियों का उपयोग खाने में न करें। पीने के पानी के स्त्रोतों के आसपास कूढा करकट न फेंके न ही गंदगी करें। उल्टी दस्त होने पर ओ. आर.एस. का घोल पीयें। ओ.आर.एस. घोल बनाने हेतु 1 लीटर साफ पानी को उबालकर एवं ठंडा होने के उपरांत उसमें 1 पैकेट ओ.आर.एस. डालें एवं 24 घंटे के बाद उक्त घोल का उपयोग पीने में न करें फिर से नवीन घोल बनाकर उसका उपयोग पीने में करें। बरसात में घरों के आसपान पानी बरसात का जानी जमा न होने दें उसके निष्कासन की उचित व्यवस्था करें। बुखार आने पर नजदीकी उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथ.स्वा.केन्द्र, सामु.स्वा.केन्द्र, सिविल अस्पताल एवं जिला चिकित्सालय में चिकित्सीय परामर्श लेकर बुखार की जांच एवं उपचार प्राप्त करें।सर्पदंश की घटनायें: बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनायें बढने की प्रबल संभावनायें होती हैं। सर्पदंश से बचाव हेतु बाहर निकलते समय पैरों को ढकने वाले जूते पहनें। रात में बाहर निकलते समय टार्च का उपयोग करें। फर्श पर न सोयें और मच्छरदानी को अच्छे से दबाकर सोएं। घर और आसपास के परिवेश को साफ सुथरा और व्यवस्थित रखें।

यूजीसी एक्ट संशोधन के विरोध में सवर्ण समाज का अनिश्चितकालीन धरना जारी

शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना


यूजीसी रोलबैक आरक्षण संशोधन और एससी-एसटी एक्ट संशोधन कानून के विरोध में सवर्ण समाज का आक्रोश लगातार गहराता जा रहा है। सवर्ण संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में पुरानी तहसील परिसर के मुख्य द्वार पर जारी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का शुक्रवार को तीसरा दिन रहा। आंदोलन को समाज के सभी वर्गों और प्रबुद्धजनों का भरपूर समर्थन मिल रहा है, जहां नित्य नए तरीकों से केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध जताया जा रहा है।धर्ना स्थल पर आंदोलन के तीसरे दिन शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षकों और शिक्षाविदों का शाल-श्रीफल भेंट कर गरिमामय सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे गुरुजनों ने सवर्ण समाज की मांगों का नैतिक समर्थन करते हुए इस संघर्ष में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।रविवार को सुंदरकांड और बुद्धि-शुद्धि यज्ञ, 9 सितंबर को निकलेगी आक्रोश रैलीआंदोलन की आगामी रूपरेखा साझा करते हुए सवर्ण संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन के चौथे दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से धरना स्थल पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बुद्धि-शुद्धि यज्ञ किया जाएगा।इसके बाद आंदोलन को व्यापक रूप देते हुए आगामी 9 सितंबर को गुना शहर में एक विशाल आक्रोश रैली निकाली जाएगी। यह रैली शहर के शास्त्री पार्क से प्रारंभ होकर लक्ष्मीगंज, सदर बाजार, हाट रोड, हनुमान चौराहा और कैंट रोड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी, जहां महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश (कलेक्टर) को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

म्याना में एंबुलेंस का तीन घंटे तक किया इंतजार, नहीं पहुंची मदद

घर के इकलौते चिराग 12 वर्षीय ध्रुव की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के म्याना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 12 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद एंबुलेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम बसार निवासी ध्रुव जैन को शुक्रवार सुबह बुखार और बिगड़ती हालत में परिजन म्याना स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे गुना रेफर करने की जरूरत बताई गई। परिजनों का कहना है कि शनिवार सुबह करीब 8 बजे से 11 बजे तक एंबुलेंस के लिए लगातार संपर्क किया गया, लेकिन समय पर वाहन उपलब्ध नहीं हो सका। इसी दौरान ध्रुव ने दम तोड़ दिया। ध्रुव अपने परिवार की इकलौती संतान था। उसके पिता सतीश कुमार जैन का पहले ही निधन हो चुका था। अब बेटे की मौत के बाद उसकी मां पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना से गांव में भी शोक और नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि म्याना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आसपास के करीब 20 से 25 गांवों की आबादी इलाज के लिए निर्भर रहती है। रोजाना बड़ी संख्या में मरीज यहां पहुंचते हैं। इसके बावजूद गंभीर मरीजों को बड़े अस्पताल तक पहुंचाने के लिए स्थायी और तत्काल उपलब्ध एंबुलेंस व्यवस्था नहीं होने की शिकायत लंबे समय से सामने आती रही है। परिजनों के अनुसार ध्रुव को सुबह स्वास्थ्य केंद्र लाने के बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने उसका उपचार शुरू किया। कुछ समय बाद हालत बिगडने लगी। बेहतर इलाज के लिए गुना भेजने की बात हुई, लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने से देरी होती रही। परिवार का कहना है कि यदि समय पर वाहन मिल जाता तो बच्चे को जल्द जिला अस्पताल पहुंचाया जा सकता था। हालांकि बच्चे की मौत का वास्तविक चिकित्सकीय कारण और एंबुलेंस में हुई कथित देरी की जिम्मेदारी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।घटना के बाद ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से म्याना स्वास्थ्य केंद्र पर स्थायी एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में आपातकालीन स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। गंभीर मरीज को समय पर रेफर अस्पताल तक पहुंचाना भी इलाज का अहम हिस्सा है। मामले में मेडिकल ऑफिसर स्वाति शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन नहीं उठ सका। वहीं एंबुलेंस नोडल अधिकारी गुना सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि एंबुलेंस व्यवस्था में किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन परिवहन व्यवस्था आखिर कब मजबूत होगी।



दरवाजे पर हुड़दंग मचा रहे युवकों को रोकना पड़ा भारी, बिजली मीटर और खिडक़ी तोड़ी

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बलवंत नगर में घर के बाहर शोर-शराबा करने से मना करने पर तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति के मकान पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठियों से बिजली का मीटर और खिडक़ी तोड़ दी, साथ ही विरोध करने पर फरियादी को जान से मारने की धमकी दी। जानकारी के अनुसार, बलवंत नगर निवासी हरिओम किरार (41) के घर के बाहर गत रात करीब 10 बजे लखन किरार, रवि धाकड़ और राजकुमार लोधा आकर गाली-गलौज व चिल्ला-चोट करने लगे। फरियादी ने जब बाहर आकर उन्हें मना किया, तो तीनों आरोपी उग्र हो गए और डंडों से हमला कर घर के बाहर लगा बिजली का मीटर और खिडक़ी तोड़ दी।

मंडी प्रांगण में जुआ खेल रहे 7 जुआरी रंगे हाथों गिरफ्तार, 3210 रुपये जब्त किए

गुना। जिले की मसूदनगढ़ थाना पुलिस ने कृषि उपज मंडी प्रांगण में छापामार कार्रवाई करते हुए ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे 7 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डी और कुल 3210 रुपये की नकदी जब्त की है। जानकारी के अनुसार गत शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मंडी प्रांगण में कुछ लोग ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और 7 आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी सहित आरोपियों के फड़ व पास से कुल 3210 रुपये नकद जब्त किए हैं। मसूदनगढ़ थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के मामला दर्ज किया है।

शिक्षक दिवस समारोह में कलेक्टर ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से किया संवाद

उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने सहभागिता की। कार्यक्रम की थीम शिक्षक समाज का आधार, शिक्षक समाज का शिल्पकार रही। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि तकनीक के माध्यम से आज जानकारी पाना बेहद आसान हो गया है, लेकिन सही जानकारी का चयन करने और उसे जीवन में उतारने के लिए स्पष्ट सोच, पढऩे-लिखने की आदत और निरंतर अभ्यास जरूरी है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों से जुडऩे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

विद्यार्थी ने बताया: शिक्षक सही गलत का अंतर समझाने वाला हो

संवाद के दौरान छात्रा आरुषि धाकड़ ने कहा कि शिक्षक ऐसा होना चाहिए, जो विद्यार्थियों का सही मार्गदर्शन कर सके तथा उन्हें सही और गलत के बीच अंतर समझा सके। शिक्षिका अंजू शर्मा ने कहा कि गुरु वह है, जो अपने शिष्यों को बेहतर तरीके से समझ सके। बच्चों के मन में अपने विचार और बात रखने को लेकर किसी तरह का डर नहीं होना चाहिए।



शिक्षा के साथ जीवन की चुनौतियों में सहयोग जरूरी

शिक्षिका मधु मीना ने कहा कि शिक्षक की भूमिका केवल किताबी शिक्षा देने तक सीमित नहीं है। शिक्षक को विद्यार्थियों को जीवन की विभिन्न चुनौतियों को समझने और उनका सामना करने में भी मार्गदर्शन एवं सहयोग करना चाहिए। वहीं शिक्षिका सारिका जैन ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ एक अच्छा नागरिक बनना भी सीखना चाहिए। वे जो कुछ सीखते हैं, उसे अपने जीवन में अपनाना अधिक महत्वपूर्ण है।

जेन जी और जेन अल्फा के संदर्भ में शिक्षक देवेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के बच्चे कम समय में अधिक पाना चाहते हैं। शिक्षिका अभिलाषा तिवारी ने कहा कि बच्चों में वीडियो देखने की आदत बढ़ रही है, जिसका असर उनकी पढऩे और लिखने की क्षमता पर भी पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि तकनीक की मदद से कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त करना संभव है।

हाथ से लिखी चीज लंबे समय तक रहती है याद

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि पढऩे के साथ लिखने की आदत भी जरूरी है। जब हम किसी विषय को अपने हाथों से लिखते हैं, तो वह लंबे समय तक याद रहता है। इसके साथ ही लिखी हुई सामग्री का बार-बार अध्ययन और रिवीजन करने से उसे लंबे समय तक याद रखा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों से जुडऩे के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्पोर्ट्स से जुडऩे से शरीर फिट रहता है और व्यक्तित्व के विकास में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके बाद कलेक्टर, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से फोटो लेकर शिक्षक दिवस समारोह की स्मृतियां साझा कीं।

पुरानी रंजिश को लेकर सेन परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 06 और 07 मोगिया गली में पुरानी रंजिश के चलते एक ही समाज के दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद के दौरान दोनों पक्षों की ओर से ईंट-पत्थर और लाठियां चलीं, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रथम पक्ष के फरियादी हरिसिंह सेन 28, निवासी वार्ड 06 कुंभराज ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गत दोपहर वह सामान लेने बाजार जा रहा था। मोगिया गली में आरोपी चंदाबाई सैन, भगवान सैन, मंजीत सैन, सुनीता सैन, बाबूलाल सैन और सपना सैन ने पुरानी रंजिश पर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने ईंट और डंडों से हमला कर दिया। हमले में हरिसिंह के सिर से खून बहने लगा और पसली व हाथ में चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए भाई नंदू सैन को भी आरोपियों ने ईंट मारकर घायल कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी पूरन मीणा और लेखराज मीणा ने बीच-बचाव किया।

वहीं दूसरे पक्ष की फरियादिया चंदाबाई सैन 60, निवासी वार्ड 07 ने अपने परिजनों संग थाने पहुंचकर काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी राजकुमार सैन से पुराना विवाद चल रहा है। इसी बात पर दोपहर में हरि सैन, नंदू सैन, विजयकुमार सैन और राजकुमार सैन उनके घर के बाहर आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने ईंट और डंडों से चंदाबाई, उनकी बहू सपना, सुनीता, बेटे भगवान सैन और नाती-नातिन मंजीत, यश, कीर्ति व तेजस्वनी के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में सुनीता नाली में गिर गई और कीर्ति-तेजस्वनी के सिर व माथे पर चोटें आईं। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

घटना की सूचना मिलते ही कुंभराज थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की जुबानी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।

समाचार संक्षेप

विश्व गीता प्रतिष्ठानम ने मनाया स्थापना दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



गुना। विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा प्रतिष्ठानम के सात वार्षिक उत्सवों में से पांचवां उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं स्थापना दिवस के रूप में कुंदन निवास धर्मशाला, उदासी आश्रम में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में यजमान के रूप में कविता शर्मा एवं देवानंद शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता का पूजन तथा लड्डू गोपाल का अभिषेक किया। अभिषेक एवं पूजन की विधि पंडित रामकुमार तिवारी ने संपन्न कराई। गणेश-गौरी एवं गुरु वंदना, रामायण की चौपाइयों तथा गीता महात्म्य के श्लोकों का वाचन पंडित अंकित पाण्डेय ने किया।बच्चों को रामायण और गीता पढ़ने की प्रेरणा दें संत कैलाश गिरी अपने आशीर्वचन में संरक्षक संत कैलाश गिरी महाराज ने कहा कि हमें अपने बच्चों को रामायण और श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ने की प्रेरणा देनी चाहिए। डॉ. सतीश चतुर्वेदी ने कहा कि विदेशों में भी भगवान श्रीकृष्ण के प्रति लोगों में विशेष आकर्षण देखने को मिलता है। यही कारण है कि वृंदावन में बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और संस्कृति से जुड़ने पहुंचते हैं। पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिले के संरक्षक सदस्य जवाहरलाल द्विवेदी ने गीता के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि गुना विश्व गीता प्रतिष्ठानम का एक महत्वपूर्ण केंद्रीय बिंदु है। उन्होंने प्रतिष्ठानम के संस्थापक आचार्य स्व. रमेश चंद्र पाण्डेय का स्मरण करते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में श्रीमती रेखा पाण्डेय, हेमलता सक्सेना, किरण शर्मा, कीर्ति रघुवंशी, रेखा शर्मा, अर्चना दुबे, निर्मला दुबे, कमला शर्मा, बुंदेल सिंह यादव, ओमप्रकाश पाराशर, सुधीर सक्सेना उपस्थित रहे।

शा. महाविद्यालय चाचौड़ा, बीनागंज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया




चाचौड़ा। शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा, बीनागंज, में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. आर. पी. मीना ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई।इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण भजन, नृत्य नाटिका और मटकी फोड़ जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पूरे परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था।अपने उद्बोधन में संस्था प्रमुख डॉ. आर. पी. मीना ने सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, प्रेम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

एक ही विवाद पर बार-बार मुकदमेबाज़ी नहीं की जा सकती

न्यायालय ने प्रांगन्याय के तहत सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट के पक्ष में सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



कस्बा आरोन स्थित ऐतिहासिक सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट की संपत्ति (सर्वे क्रमांक 1333, रकबा 0.606 हेक्टेयर) को लेकर उत्पन्न विवाद का न्यायालय ने कानूनी सिद्धांतों के आधार पर सनातन मंडल ट्रस्ट के पक्ष में फैसला सुनाया है। व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, आरोन (भरत परमार जी) के न्यायालय ने कानूनी नज़ीर स्थापित करते हुए स्पष्ट किया कि एक ही विषय-वस्तु पर बार-बार अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया जा सकता। न्यायालय ने वादी जगदीश प्रसाद आदि द्वारा प्रस्तुत वाद (RCSA No. 14A/2024) को धारा 11 सिविल प्रक्रिया संहिता (Res Judicata / प्रांगन्याय) के तहत पूर्णतः बाधित पाते हुए खारिज कर दिया है। दुष्प्रचार और भ्रांतियों पर लगा पूर्ण विरामःप्रकरण के दौरान पूर्व में शासन के जवाब दावे शासन के द्वारा संपत्ति के स्वरूप को लेकर दर्ज कराई गई आपत्तियों तथा वादीगण द्वारा किए जा रहे भ्रामक प्रचार-प्रसार के कारण आम जनता, श्रद्धालुओं एवं सनातन समाज में ट्रस्ट की साख व वैधानिकता को लेकर अविश्वास का वातावरण निर्मित करने का प्रयास किया गया था। वादीगण द्वारा लगातार यह असत्य दावा किया जा रहा था कि ट्रस्ट की प्रबंध समिति को निर्माण, नीलामी या दुकानों के आवंटन का कोई विधिक अधिकार प्राप्त नहीं है। हालांकि, न्यायालय द्वारा पारित इस अंतिम निर्णय ने शासन के विरोध और वादीगण के निराधार दावों को खारिज करते हुए ये स्पष्ट करा की इन्हीं सब बिंदुओं पर सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय जिला न्यायालय ने अपना अंतिम निर्णय पारित कर दिया है, अब दुबारा उन्हीं बिंदुओं पर विचारण नहीं किया जा सकता। मामले में ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता अनिरुद्ध श्रीवास्तव ने न्यायालय के समक्ष सी.पी.सी. की धारा 11 और सुप्रीम कोर्ट के न्यायिक सिद्धांतों के आधार पर अत्यंत प्रभावशील तर्क रखे।अधिवक्ताद्वय ने न्यायालय को अवगत कराया कि ठीक इसी संपत्ति (सर्वे 1333) और इन्हीं पक्षकारों के मध्य चतुर्थ जिला न्यायाधीश गुना (श्रीमती मोनिका आध्या) के न्यायालय में प्रकरण (RCSA No. 90/2022) संचालित था, जिसे दिनांक 25/01/2024 को निरस्त किया जा चुका है। वादीगण ने केवल शब्दों का फेरबदल कर और स्वयं को पूर्व किरायेदार बताकर पुनः नया मुकदमा दायर कर दिया था, न्यायाधीश ने अधिवक्ता द्वय के तर्कों और सुप्रीम कोर्ट की विधि व्यवस्थाओं से सहमत होते हुए निष्कर्ष निकाला कि समान पक्षकार व विषय-वस्तुः पूर्व वाद एवं वर्तमान वाद दोनों में पक्षकार, संपत्ति (सर्वे 1333) एवं मांगी गई कानूनी राहतें पूरी तरह समान हैं। पूर्व-न्याय' के सिद्धांत की सारी शर्तें पूरी होने से ट्रस्ट के पक्ष में फैसला सुनाया और वादी का वाद निरस्त कर दिया गया।

हिन्दुपत शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

हिन्दुपत शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विनोद सिंह भदौरिया, प्रशासक राजा गोपाल मैगिनम, अशोक सक्सेना, डॉ. प्रदीप कुमार कुशवाहा, डॉ. फौजिया बानो, नरेश चंदेल, गणेश चंद्र शुक्ला, डॉ. पूजा भाटी, सुशिवानी थागेले, काजल कुसुम, कनिष्का सिंह, गजेंद्र प्रजापति, मंगल मेर, मोनू वास्त्री सहित शिक्षकगण एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में डॉ. विनोद सिंह भदौरिया ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, व्यक्तित्व एवं शिक्षा के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं भविष्य को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है।राजा गोपाल मैगिनम ने शिक्षक दिवस को गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षक के प्रति सम्मान व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। वहीं अशोक सक्सेना ने कहा कि एक अच्छे शिक्षक का प्रभाव विद्यार्थी के जीवन में लंबे समय तक बना रहता है और शिक्षक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं आदर्शों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

लव-कुश जयंती पर निकली शोभायात्रा आकर्षक झांकियों ने मोहा लोगों का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



लव-कुश जयंती के अवसर पर गुरुवार को कुशवाहा समाज द्वारा आरोन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों तथा गुना, अशोकनगर और विदिशा जिलों से भी बड़ी संख्या में समाजबंधु आयोजन में शामिल होने पहुंचे।

पूरे नगर में धार्मिक एवं सामाजिक उत्साह का माहौल बना रहा।शोभायात्रा का शुभारंभ मठ मोहल्ला स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर से हुआ। यहां समाजजनों द्वारा भगवान श्रीराम, माता जानकी एवं लव-कुश की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद जयकारों के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश के जीवन, शौर्य और आदर्शों को दर्शाती आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। सजी-धजी झांकियां लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रहीं। वहीं अखाड़ेबाजों ने अपने पारंपरिक करतब और हैरतअंगेज प्रदर्शन कर लोगों को रोमांचित किया। मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा को देखने के लिए मौजूद रहे।नगर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्राश्रीराम-जानकी मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा पुराना बाजार, पुराना हायर सेकेंडरी स्कूल, मेन मार्केट, गुलाबगंज चौराहा, दास हनुमान मंदिर चौराहा, नगर पालिका होते हुए सियाराम आश्रम रोड से लव-कुश मैरिज गार्डन पहुंची। शोभायात्रा के मार्ग को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों द्वारा शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस

वक्ता बोले: शिक्षक छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बिनागंज में शिक्षक दिवस समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा का सुंदर संगम देखने को मिला।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसी राहुल रावत रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि मास्टर ट्रेनर ओमप्रकाश धाकड़ की उपस्थिति अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय के सहायक निदेशक नितिन गौरकर ने शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन का सम्मान करते हुए निरंतर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसी अवसर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्मृति बरोनीया, द्वितीय स्थान अभिनव संत तथा तृतीय स्थान रोशनी साहू ने प्राप्त किया।वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नंदिनी विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान स्मृति वेरोनिया तथा तृतीय स्थान खुशबू मेर ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की उपस्थित अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा सराहना की गई । कार्यक्रम का मंच संचालन स्मृति बरौनीया एवं नंदिनी विश्वकर्मा ने किया। दोनों ने अपनी सधी हुई एंकरिंग, प्रभावशाली संवाद एवं मंच संचालन से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। समारोह का समापन उत्साह, सम्मान और यादगार पलों के साथ हुआ। इस मौके पर चेयरमैन डॉ. प्रदीप सेन एवं संचालकगण डॉ.मधु कृष्णानी और आनंद मंगल ने शिक्षकों को बधाई दी।

महाकाल सेवा समिति ने कराया मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महाकाल सेवा समिति मगरदा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के पूजन एवं आरती के साथ किया गया।

इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा एवं अधर्म के विनाश के लिए अवतार लिया था। उन्होंने अधर्मी कंस का वध किया और धर्म की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। आज हम भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मना रहे हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 12 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में मां काली समिति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 5,100 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भी प्रदर्शन किया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु आनंदित हुए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महाकाल सेवा समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत और लगन से कार्य किया। समिति के प्रमुख सदस्य अजय, सोनू, सचिन, नितेश, आकाश सहित पूरी टीम का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। समिति ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

एपीएस स्कूल में शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान, प्रमाण पत्र प्रदान किए गए



अशोकनगर। एपीएस स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लायंस क्लब की टीम ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष चंदेल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानजनक प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी एवं पार्षद हेमलता रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही लायंस क्लब के सम्पादनीय सदस्य मनोज जैन, क्लब मेंबर वैशाली सलूजा एवं सचिव मिथिलेश यादव भी मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष लायन संतोष चंदेल एवं स्कूल डायरेक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी ने शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज और देश के भविष्य का निर्माण करते हैं। अतिथियों द्वारा शिक्षकों के इस महत्वपूर्ण योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लायंस क्लब की ओर से उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पार्षद हेमलता रघुवंशी, स्कूल परिवार के सदस्य एवं लायंस क्लब के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जन्माष्टमी के पर्व पर कई कार्यक्रम आयोजित



अशोकनगर। शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गई। विभागाध्यक्ष अंग्रेजी डॉ अर्चना ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके उपदेशों एवं भारतीय संस्कृति में उनके महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों द्वारा भजन, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े आदर्शों, कर्मयोग, सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया भजन संध्या में श्री गौरी शंकर गुप्ता एवं अनेक विद्यार्थियों ने मनभावन श्री कृष्ण भजन गाये। विद्यार्थी मटकी भी सजा कर लेकर आए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना तथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं शिक्षाओं से प्रेरणा प्राप्त करना था। संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेखा शर्मा ने किया, कार्यक्रम समापन आभार प्रदर्शन एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम में मोना यादव, गौरी शंकर गुप्ता,डॉ सुधा टेटवाल,गायत्री नामदेव, प्रमोद पॉवर, अनिल यादव एवं 90 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया अमाही तालाब का निरीक्षण, जल स्तर की स्थिति की जानकारी

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को अमाही तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से वर्तमान जलस्तर की स्थिति के बारे में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान उन्होंने जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पंचायत भौंरा काछी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राशन वितरण की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर मालवीय ने निर्देशित किया कि आगामी सोमवार को 11 बजे से 02 बजे तक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए। विशेष ग्राम सभा में राशन वितरण पर समीक्षा कर समस्या और सुझाव पर चर्चा की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर इसरार खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीताल,प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोकनगर प्राची शर्मा द्वारा दुर्गा स्व सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान भौंरा काछी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर विक्रेता उपस्थित नहीं मिली सहायक विक्रेता जसवंत कुशवाह उपस्थित मिले। दुकान पर स्टॉक भाव सूची तारीख संधारित नहीं पाई गई। मौके पर सतर्कता समिति का बोर्ड भी प्रदर्शित नहीं पाया गया। इस संबंध में दुर्गा स्व सहायता समूह के अध्यक्ष,प्रबंधक एवं विक्रेता को एसडीएम द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। साथ ही दुकान पर मौजूद उपभोक्ताओं से फीड बैक प्राप्त किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें माह अगस्त, सितंबर का खाद्यान्न प्राप्त हो गया है।

प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से जिला युवा अधिकारी ने दी जानकारी

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 का जिला स्तरीय शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल 'माय भारत' द्वारा 30वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना और उन्हें विकसित भारत /2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस आश्य की जानकारी जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत जिला अशोकनगर श्रेया कंदोला ने शनिवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में पत्रकारों को दी। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अरूण रघुवंशी,उपसंचालक जनसंपर्क एस.एम.सिद्दीकी, प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया के जिला व्यूरों एवं संवाददाता उपस्थित रहे।


डिजिटल क्विज का आयोजन

जिला युवा अधिकारी ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के तहत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए जिला स्तरीय ऑनलाइन विकसित भारत क्विज एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की शुरुआत हो चुकी है। युवाओं को अपनी प्रतिभा, विचारों और नवाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत डिजिटल क्विज का आयोजन 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है। इसके बाद निबंध लेखन तथा जिला एवं राज्य स्तरीय प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। जिला एवं राज्य स्तरीय चरण नवंबर-दिसंबर 2026 में आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का राष्ट्रीय स्तर पर समापन 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में होगा। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभाशाली युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के समक्ष अपने विचार और विकसित भारत के संबंध में अपना विजन सीधे प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। पात्र युवा लॉगिन कर ऑनलाइन क्विज में भाग ले सकते हैं।

श्रीकृष्ण का अवतार द्वापर युग में होना और उनका जीवन दर्शन मानव के लिए अनुकरणीयः सतनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





आज गुरुद्वारा ईशरप्रकाश वरीयामसर पवारगढ़ में सैंकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन करते हुए मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंघजी ने श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव के संबंध में बताया कि कितनी विषम परिस्थितियों में द्वापर युग के अवतार मातलोक में प्रगट हुए। धन्य हैं वो माता देवकी जी जिन्होंने श्री कृष्ण भगवान को जन्म दिया और माता यशोदा जी जिन्होंने उनकी बाल लीलाओं का बहुत ही ममत्व पूर्ण दर्शन करते हुए अलौकिक आनंद प्राप्त किया ।

जब जब भी धर्म की हानि होती है भगवान अवतार लेते हैं । श्री कृष्ण जी के अवतार के समय उनके माता पिता कंस की जेल में क़ैद थे। श्री कृष्ण जी ने अपने मामा कंस का वध कर अपने माता पिता को उसकी जेल में से आजाद करवाया।गु रु संदीपनी आश्रम उज्जैन में आपजी ने शिक्षा ग्रहण की मात्र 64 दिनों में ।श्री कृष्ण जी के मित्र सुदामा जी जिनकी शिक्षा भी उसी आश्रम में हुई । शिक्षा के दौरान ही मित्रता हुई। जब आगे चलकर सुदामाजी अपनी अर्धांगिनी के कहने पर श्री कृष्ण जी के पास गए । सखा भाव होने के बावजूद सुदामा जी अपनी व्यथा प्रभु से कहने में संकोच कर रहे थे पर श्री कृष्ण जी ने मित्र के आगमन पर अपना सिंहासन छोड़ कर नंगे पैर दौड़ते हुए गए और जाकर अपने मित्र की परिक्रमा करते हुए प्रणाम कर गले से लगा लिया।अंदर लाकर उन्हें अपने सिंहासन पर बिठाकर चरण प्रक्षाल किए और सारा हालचाल पूछा। जब बार बार पूछने पर भी सुदामा जी ने अपनी परेशानी जाहिर नहीं की तो अपने मित्र की त्रिकालदर्शी श्री कृष्ण जी ने उनके बिना कहे ही दोनों जहान की ग़रीबी काट दी।

परिशिष्ट 5 - संख्यांक 13
सिविल कोर्ट चाचोड़ा जिला गुना
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, चाचोड़ा गुना

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस ए/38/2019
मर्दनसिंह मीना बनाम रंगलाल
NEXT DATE: 16-09-2026

प्रेषिती-
भूरी बाई मीना पता - ग्राम रूघनाथपुरा तहसील राघौगढ जिला गुना

यह कि प्रार्थी मर्दनसिंह मीना ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/38/2019 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 31-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश अंकित जैन
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खंड

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लुधाया निवासी आकेश आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रोहित और रघुवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत महौली निवासी अरबिंद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हरिसिंह दांगी ने उससे मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खानपुर निवासी रामलखन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चंचल, हरिसिंह बिरमाल, प्रिन्स यादव ने उससे मारपीट की।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम तगारी निवासी राजा पुत्र रामचरण आदिवासी उम्र 25 साल ने कल्याण आदिवासी के घर के पीछे ग्राम भांडरी में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

बाइक से गिरकर युवक की मौत

अशोकनगर। ईसागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम परसोलिया में पुलिया के पास एक युवक मोटरसाइकल से गिरकर घायल हो गया जिससे उसकी मौत हुई। महेश पुत्र पहलवान सिंह केवट ने पुलिस को बताया कि ग्राम मुहांसा थाना मायापुर शिवपुरी निवासी 25 वर्षीय छोटू पिता संग्राम सिंह केवट की बाइक परसोलिया की पुलिया से टकरा गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग काम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

मोटरसाइकिल से गिरने से महिला की मौत

अशोकनगर। ईसागढ़ थाना अंतर्गत 50 वर्षीय महिला की मोटरसाइकिल से गिरने से मौत हो गई। सरोजबाई पत्नी भागीरथ रैकवार निवासी पीपलवाड़ी महावीरपुरा गुना ग्राम विजयपुर के पास मोटरसाइकिल से गिर गई थी जिससे उसे गंभीर चोटें आई थी। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

अवैध शराब बेचते युवक को किया गिरफ्तार

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अंतर्गत पुरानी गल्ला मंडी में एक युवक को अवैध शराब का विक्रय करते हुए पुलिस ने पकड़ा है। शिवजीत पुत्र वीरभान सिंह यादव शंकर कॉलोनी पुरानी गल्ला मंडी में अवैध शराब का विक्रय कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1444 रुपए कीमत के 19 क्वार्टर जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

राष्ट्रीय गोसेवा परिषद ने मनाई जन्माष्टमी



अशोकनगर। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय गो सेवा परिषद द्वारा गो सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोमाताओं को श्रद्धापूर्वक हरा चारा खिलाकर जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। गो सेवकों ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का गोमाता से विशेष प्रेम था और उन्होंने अपना जीवन गौ सेवा तथा धर्म की रक्षा का संदेश देते हुए व्यतीत किया। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए जन्माष्टमी के अवसर पर गौमाताओं की सेवा कर पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान गौमाताओं को हरा चारा खिलाया गया तथा उनकी देखभाल और सेवा का संकल्प लिया गया। गौ सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौ सेवा केवल एक सेवा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद ने कहा कि संगठन द्वारा आगे भी गौमाताओं के संरक्षण, सेवा और उनके लिए चारा-पानी की व्यवस्था जैसे कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। जहां गौ सेवा होती है, वहां भगवान श्रीकृष्ण की कृपा बनी रहती है। गौ सेवक अभिषेक मोहरी, आकाश पटेल, दिव्यांश यादव, रवि वंशकार, और अन्य गौ सेवक उपस्थित रहे।

सरकार से शिक्षकों की समस्या का समाधान करने की मांग की

शिक्षकों ने काली पट्टी और काले कपड़े पहनकर शिक्षक दिवस पर टीईटी परीक्षा का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





टीटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर और काले कपड़े पहनकर शिक्षक दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया। शिक्षकों ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के सामने टीइटी की अनिवार्यता के कारण नौकरी और परिवार के भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक दिवस पर इस तरह विरोध दर्ज कराना शिक्षकों की मजबूरी और पीड़ा को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से शिक्षकों की समस्या का मानवीय आधार पर समाधान करने की मांग की। कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने कहा कि तमिलनाडु की तर्ज पर मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर 2010 तक नियुक्त शिक्षकों को टीइटी से छूट देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार को तत्काल पहल करनी चाहिए। वहीं राज्य अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे ने कहा कि तमिलनाडु की तर्ज पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा भी वहां के शिक्षकों को टीइटी से छूट देने के संबंध में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर अपने शिक्षकों के हित में विधानसभा के माध्यम से पहल कर सकता है, तो मध्यप्रदेश विधानसभा को भी इसी प्रकार प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजना चाहिए।

शिक्षकों ने कहा कि अनेक शिक्षक 50 से 55 वर्ष की उम्र में हैं। उनके सामने बच्चों की शादी, परिवार की जिम्मेदारी, नौकरी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। ऐसे में वे सवाल कर रहे हैं कि जम्म की तैयारी करें, नौकरी करें, बच्चों की शादी करें या अपना इलाज करवाएं? शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि यदि टीइटी की परीक्षा देना अनिवार्य किया जा रहा है तो कम से कम छह माह की सवेतन छुट्टी देकर परीक्षा की तैयारी का अवसर दिया जाए और इसके बाद टीइटी परीक्षा आयोजित की जाए। शिक्षकों ने केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील की कि शिक्षक दिवस पर गुरु दक्षिणा के रूप में 2010 तक नियुक्त शिक्षकों को टीइटी से छूट देने का प्रावधान किया जाए और उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए। कार्यक्रम में भीम सिंह यादव, जिला अध्यक्ष, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ दिलीप सिंह रघुवंशी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष, रामगोपाल शिवहरे, जिला अध्यक्ष, राज्य अध्यापक संघ आदि शामिल रहे।

टोरिया स्कूल में बालसभा का आयोजन किया



जन्माष्टमी के अवसर पर पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा टोरिया स्कूल पहुंचकर बालसभा का आयोजन किया गया। जहां छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा मनभावन नृत्य एवं सुरीले गीत प्रस्तुत किए छोटे-छोटे बच्चों ने भाषण दिए और जनरल नॉलेज कम्पटीशन मे भाग लिया। सभी ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम के अंत मे बच्चो को सर्टिफिकेट एवं प्राइज भी समिति द्वारा प्रदान किये गए ऐसी बालसभा करने से छोटे छोटे बच्चो के अंदर से मंच पर बोलने की भाग लेने की जिजक दूर हो इस अवसर पर अध्यक्ष मीता सदाना सचिव रोशनी गेरा सोनिया छावडा डिंपल सदाना ऋचा सदाना, रिंकी सलूजा, सुनीता छावडा, अन्नु छाबड़ा, आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

मंदिर में प्रतिमा पर कुल्हाड़ी से हमला, विरोध में किया चक्काजाम



पिपरई। नगर के रामलीला मैदान स्थित बालाजी मंदिर में शनिवार को उस समय हंगामा मच गया, जब ग्राम लिधोरा निवासी नीलेश पुत्र सुखचंद नरवरिया पर मंदिर में स्थापित श्री बालाजी भगवान की प्रतिमा पर कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोप लगा। घटना के दौरान मंदिर प्रांगण में रामायण पाठ कर रहे लोगों के साथ गाली-गलौज किए जाने की भी बात सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद मंदिर में मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले गई। घटना की जानकारी फैलते ही लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग रामलीला मैदान पर एकत्रित हो गए और घटना के विरोध में करीब तीन से चार घंटे तक चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर की क्षतिग्रस्त प्रतिमा को हटाकर वहां नई प्रतिमा स्थापित करने मांग की।

लोगों ने आरोपी के परिवार के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज करने तथा अवैध निर्माण होने की स्थिति में बुलडोजर कार्रवाई की मांग प्रशासन के सामने रखी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि धार्मिक स्थल पर हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। खबर लिखे जाने तक रामलीला मैदान पर चक्काजाम जारी था। पुलिस ने नियमविरुद्ध निर्माण किए जाने पर आरोपी के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की है।



सीएम को जिले में हो रहे नवाचारों से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों और तकनीकी पहलों को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित 'एजुकेशन डायलॉग बेहतर शिक्षा के नए विचार' कार्यक्रम में अशोकनगर जिले की शैक्षिक प्रगति और डिजिटल पहलों की विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सांदीपनी शासकीय अहिल्या आश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के समस्त जिलों के विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों एवं आगामी योजनाओं को साझा किया गया।

मुख्यमंत्री ने अशोकनगर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रही प्रगति और किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए इन प्रयासों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री की इस सराहना से जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों को नई पहचान मिली। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने अशोकनगर जिले में संचालित विभिन्न शैक्षिक नवाचारों तथा आगामी समय में प्रस्तावित पहलों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने जिले में डेवलप किए जा रहे ऐप सिस्टम के संबंध में भी जानकारी साझा करते हुए बताया कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। संवाद के दौरान शिक्षा में तकनीक के बढ़ते महत्व, डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग, नवाचार आधारित शिक्षण तथा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। जिले में तकनीक के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित एवं व्यवस्थित करने की पहल को शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा गया। इस अवसर पर सहायक संचालक सुश्री एनिश जैन, सांदीपनी विद्यालय अशोकनगर से अंकित जैन तथा पीएम गल्र्स हायर सेकेंडरी स्कूल, मुंगावली से सृष्टि हरदिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ डिजिटल नवाचार, तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया गया। एजुकेशन डायलॉग शिक्षा व्यवस्था में नए विचारों और नवाचारों को साझा करने का महत्वपूर्ण मंच बना।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आज नंदोत्सव का आयोजन

अशोकनगर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कृष्ण भक्तों द्वारा रविवार को अशोकनगर स्थित रघुवंशी धर्मशाला में नंदोत्सव (द्वितीय वर्ष) का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण का विधिवत पूजन, बधाई उत्सव एवं भक्ति से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में सहभागिता करेंगे। आयोजक डॉ. अनुराधा कृष्ण पालसिंह यादव, अखिल भारतीय संयोजिका, जनप्रतिनिधि मातृसभा, विश्वमांगल्य सभा ने भक्तों से नंदोत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम को भव्य एवं भक्तिमय बनाने का आग्रह किया है।

गूगल मीट के माध्यम से भू-माफिया राशन वितरण रेत माफिया व अतिवर्षा की स्थिति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भू-माफिया के विरुद्ध कार्रवाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएः कलेक्टर



कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को गूगल मीट के माध्यम से जिले में समुचित राशन वितरण, भू-माफिया, रेत माफिया के विरुद्ध कार्रवाई तथा अतिवर्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक तैयारियों एवं कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी विषयों पर गंभीरता से कार्य करते हुए आवश्यक निर्देशों का समय-सीमा में पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण राशन समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में भू-माफिया के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे, अतिक्रमण एवं अन्य अनियमितताओं की जानकारी प्राप्त कर नियमानुसार संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भू-माफिया के विरुद्ध कार्रवाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं रेत माफियाओं के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

अतिवर्षा की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने जिले में नदी-नालों, पुल-पुलियाओं एवं जलभराव वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं को तैयार रखने को कहा। साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार नजर रखने तथा आवश्यकता होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए।

राजपुर में भजन संध्या का आयोजन किया


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



हनुमान मंदिर राजपुर में श्रीं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाएं कान्हा के लिए सुन्दर पोषाकों को रख कर अपने अपने घरों से थाली सजा सजा कर लाईं। हनुमान मन्दिर परिसर में रात्रि कों भजन कीर्तन चलते रहे। जैसे ही रात्रि को कांटे की सुई बारह बजे पर पहुंची तो जयजय कारों से परिसर गुंजायमान हो उठा। जय कन्हैया लाल की घोड़ा ना पालकी जह कन्हैया लाल की वहां पर झूला डाला गया जिसमें कन्हैया लड्डू गोपाल कों उस झूलें में रख कर भक्तों ने झूला झुलाया। इसी तरह छोटे-छोटे बच्चों कों श्रीं कृष्ण की पोशाक पहना कर सजाया गया जो देखते ही वनता था। मन्दिरों के अलावा भी कसवे में गांव वासियों ने अपने अपने घरों में भी वड़े धूमधाम के साथ-साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन रख कर श्री कृष्ण जी को छप्पनभोग लगाकर यह पर्व मनाया।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को जिला चिकित्सालय पहुंचकर ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लड बैंक में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विभिन्न दस्तावेजों एवं अभिलेखों का परीक्षण किया। कलेक्टर मालवीय ने ब्लड बैंक में रक्त संग्रहण, उपलब्ध रक्त की स्थिति, वितरण व्यवस्था तथा दैनिक रिकॉर्ड का अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए दस्तावेजों का नियमित रूप से संधारण एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता एवं वितरण से संबंधित समस्त जानकारी व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से दर्ज की जाए। साथ ही रक्तदाताओं से संबंधित रिकॉर्ड, रक्त संग्रहण एवं परीक्षण की प्रक्रिया तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों का नियमानुसार संधारण सुनिश्चित किया जाए। एक दौरान उन्होंने ओपीडी के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर बीएल टैगोर उपस्थित रहे।

यादव महासभा ने धूमधाम से निकाला चल समारोह

मुंगावली में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली





हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुंगावली में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें यादव महासभा द्वारा सुबह 11 बजे से चल समारोह निकला, जो नगर परिषद ग्राउंड से चन्देरी रोड बस स्टैंड पुराना बाजार मल्हारगढ़ रोड़ इमली चौराहा पोस्ट ऑफिस चौराहे से नगर परिषद ग्राउंड पर धर्म सभा आयोजित की गई।

चल समारोह में भगवान श्री कृष्ण के रूप में राधा कृष्ण की भेष में आकर्षण बच्चो को सजाकर बैठाया गया साथ मे श्री रणछोर धाम के महंत श्री बलरामपुरी जी महाराज घोड़ा बग्गी में बिराजमान रहे भगवान श्री कृष्ण के पूजन के साथ प्रारंभ हुए जुलूस में घोड़ा बग्गी डीजे बेंड बाजे के साथ दिल दिल घोड़ी भी आकर्षक का केंद्र रही ततपश्चात मंच पर भगवान श्री कृष्ण का बिधि विधान से पूजन-अर्चन किया गया । आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष पूर्व सांसद झांसी चंद्रपाल सिंह यादव अध्यक्ष क्रवको प्रदेश महासचिव कांग्रेस राव यादवेंद्र सिंह यादव ज्ञानलय परिवार के संयोजक अर्जुन सिंह यादव कार्यक्रम अध्यक्ष राजा यादव सिलावन सहित छेत्र के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया रास्ते मे चल समारोह का केला फल खीर प्रसाद आदि से लोगो ने स्वागत किया रास्ते मे जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ जगह जगह समस्त समाजो के अध्यक्ष द्वारा चल समारोह का भव्य स्वागत हुआ और भगवान की आरती पूजन हुआ रात्रि में भजनसंध्या कार्यक्रम में हरनाम सिंह नरवरिया के साथ श्रीमती गीता देवी भजनों के कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी गई जो देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा।

हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंजे मंदिर

शाढौरा। स्थानीय सोनी मंदिर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आसपास के क्षेत्रो में व नगर में भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। मंदिरों से लेकर घरों तक कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारियां की गई। दिनभर व्रत रखने के बाद भक्तो ने रात में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को धूमधाम के साथ मनाया। वहीं मध्य रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर मंदिरों में भारी संख्या में भक्त पहुंचे और हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की नंद के आनंद भयो यशोदा के लाल भहे जय कन्हैया लाल की के जयकारे गूंजे। मंदिरों और घरों में बाल गोपाल के लिए सुंदर झूले सजाए गए। मंदिरों में रातभर भजन-कीर्तन और भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। श्री कृष्ण जन्म होने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा बधाई गीत गाए गए। रात को मंदिरों में शंख-घंटियों की गूंज के बीच बाल गोपाल की आरती की गई और भगवान को झूला-झुलाया गया श्रीकृष्ण बांके बिहारी मंदिर में सभी प्रमुख मंदिरों को फूलों, दीपों और रंग-बिरंगी लाइटों मंदिर को सजाया गया था जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ नगर के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। छप्पन भोग व प्रसाद भगवान को माखन-मिश्री, पंजीरी और 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए, जिसे बाद में भक्तों में महाप्रसाद के रूप में बांटा गया।

चंदेरी में प्रशासन की सुरक्षा के बीच गोगावीर की सवारी निकाली



चंदेरी/अशोकनगर। चंदेरी में नवमी को गोगावीर की सवारी निकाली गई। प्रशासन की सुरक्षा के बीच इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सवारी के दर्शन किए। रक्षाबंधन के दूसरे दिन से शुरू हुआ सवारियों का क्रम नवमी के दिन अपने चरम पर पहुंचा। मढ़िया परिसर में लगभग 10 से 15 सवारियों ने शरीर पर लोहे की साकलें मारते हुए हैरतअंगेज धार्मिक कला का प्रदर्शन किया। मान्यतानुसार, सवारियों के माध्यम से देवता जब अवतरित होते हैं, तो लोग अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखते हैं और उनका समाधान पाते हैं। मेले में किसी भी अनहोनी से निपटने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। एसडीओपी महेश शर्मा, तहसीलदार दिलीप दरोगा और थाना प्रभारी प्रशांत यादव की अगुवाई में चंदेरी पुलिस बल के साथ-साथ शाढौरा, ईसागढ़ और करैवाइया थानों का अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। एक ओर जहां आस्था का ज्वार देखा गया, वहीं दूसरी ओर नया बस स्टैंड (चंद्रभान सिंह स्कूल के पास) स्थित भैंसासुर मड़िया पर नगर पालिका की गंभीर लापरवाही सामने आई। दो-तीन घंटे के विश्राम स्थल वाले इस परिसर में पक्की व्यवस्था (सीसी खड़ंजा या पेवर्स) न होने से भारी कीचड़ फैल गया।

अवैध क्लीनिकों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, पुलिस-स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने जीरापुर में संचालित हो रहे 10 क्लीनिक सील किए

बिना पंजीयन इलाज करते मिले संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर





शनिवार को जीरापुर नगर में विभिन्न स्थानों पर संचालित हो रही अवैध क्लीनिकों का स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देश पर प्रशासन के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान कई क्लीनिक बिना वैध पंजीयन एवं आवश्यक दस्तावेजों के संचालित पाए गए। जांच के दौरान क्लीनिकों में मरीजों के उपचार के लिए ड्रिप, इंजेक्शन एवं विभिन्न दवाइयां भी मिलीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्लीनिक संचालकों से पंजीयन सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। दस्तावेजों की जांच में कमियां एवं पूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कुल 10 क्लीनिकों को सील कर दिया।

इन क्लीनिकों को किया सील एक के मिले पूर्ण दस्तावेज

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चाइल्ड हेल्थ केयर क्लीनिक के संचालक विनोद पांचाल, अलशिफा क्लीनिक माचलपुर रोड के संचालक फिरोज खान, राहत क्लीनिक माचलपुर रोड के संचालक उमर फारूक, चहक मेडिकल एवं क्लीनिक स्टोर जमाई कॉलोनी के पीछे की संचालक मोबिना खान, सांवरिया क्लीनिक भंडावद रोड के संचालक विजय कुमार गौड़, शीफा दवाखाना छापीहेड़ा नाका के संचालक वहीद उल्लाह खान, रूहान दवाखाना के संचालक अब्दुल जब्बार, कृष्णानंदू क्लीनिक बस स्टैंड के संचालक प्रोभाश विश्वास, मालाकार क्लीनिक गांधी बस्ती के संचालक प्रकाश मालाकार एवं मीणा क्लीनिक के संचालक पारस कुमार मीणा शामिल हैं। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 क्लिनिको के दस्तावेज खागा ले गए जिसमें से आरोग्यंम क्लिनिक जवाहर चैक संचालक डॉ अश्विनी कुमार वैद्य के पूर्ण दस्तावेज पाए गए।

अवैध क्लीनिक संचालकों में मचा हड़कंप

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर उपलब्ध दस्तावेजों एवं क्लीनिकों में संचालित गतिविधियों की जांच की। अधिकारियों के अनुसार, आवश्यक वैध दस्तावेज नहीं मिलने तथा पाई गई कमियों के आधार पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से बिना पंजीयन एवं नियमों को ताक पर रखकर चिकित्सा सेवाएं संचालित करने वालों में हड़कंप मच गया।

कार्रवाई में इन अधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्रवाई के दौरान जिला टीबी अधिकारी डॉ. मनीष चैहान, जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. महेंद्र पाल सिंह एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील चैरसिया बीपीएम सुरेश पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा,शादाब खान,वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से जीरापुर, छापीहेड़ा, माचलपुर एवं खिलचीपुर पुलिस की विशेष भूमिका रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना वैध दस्तावेज एवं पंजीयन के संचालित चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

इनका कहना है

कलेक्टर सर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रषासन द्वारा संयुक्त रूप से जीरापुर में दस क्लीनिकों को चेक किया गया। जिनमें से 7 के पास कोई पंजीयन नहीं होने पर उन्हे सील करने की कार्रवाही की गई। वहीं 3 क्लीनिक अन्य माफ दण्ड पर खरे नहीं उतरने पर उन्हे भी सील किया गया।

डॉ. मनीष चैहान, टीम प्रभारी स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ ।

जाल में लगे पत्थर, मटेरियल गेट में फंसे तो संचालन में हो सकती समस्या

मोहनपुरा बांध के नो फिसिंग जोन में ठेकेदार ने डाल रखा जाल, मतस्य महासंघ की अनदेखी न पड़ जाए भारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मोहनपुरा बांध क्षेत्र में मतस्या महासंघ से जुड़े ठेकेदार की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, महासंघ द्वारा बांध क्षेत्र में मछलियां मारने हेतु जिस एजेंसी को ठेका दिया गया है उसके ठेकेदार द्वारा गैर जिम्मेदाराना काम किया जा रहा है। संबंधित ठेकेदार द्वारा बांध की अपस्ट्रीम में गेटों के बिल्कुल नजदीक मछलियां पकड़ने बड़ा जाल लगाया जा रहा है। जबकि, बांध के गेटों(स्पीलवे) के आसपास का 1000 मीटर जलभराव क्षेत्र पूरी तरह 'नो फिसिंग जोन' के दायरे में आता है। इस प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी सूरत में मछलियां नहीं मारी जा सकती है। इसके बावजूद ज्यादा मुनाफे के लालच में एजेंसी द्वारा यह अनदेखी की जा रही है। कल शनिवार को जब प्रबंधन द्वारा बांध के पांच गेट खोले गए थे उसी समय एजेंसी द्वारा गेटों से कुछ ही दूरी पर बड़ा जाल डाले देखा गया।

यह हो सकती है बड़ी परेशानी

ठेकेदार या मछुआरों के भारी जाल बांध के हाईड्रोलिक गेट के मैकेनिकल सिस्टम में फंस सकते हैं जिसके कारण गेटों के संचालन(बंद करने या खोलने) में बड़ी बाधा आ सकती है। अगर ऐसा हुआ तो एक ऐसी बड़ी समस्या खड़ी को सकती है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

ज्यादा मुनाफे के फेर में बड़ी लापरवाही

दरअसल, बांध के गेटों के आसपास पानी में हलचल और ऑक्सीजन की अधिकता के कारण यहां मछलियां अच्छी-खासी तादाद में इकट्ठा होती हैं। यही कारण है कि ठेकेदार द्वारा बड़े खतरे का संज्ञान होने के बावजूद ज्यादा मुनाफा कामने के चक्कर में यह सब किया जा रहा है जिसकी तरफ महासंघ पदाधिकारियों द्वारा तनिक ध्यान नहीं दिया जा रहा जो एक बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है।

शनिवार को खोले गए थे बांध के 5 रेडियल गेट

आपको बतादें कि अत्यधिक वर्षा के चलते लगातार बढ़ रहे बांध के जल स्तर पर नियंत्रण के लिए बांध प्रबंधन ईकाई द्वारा पांच गेट खोले गए थे। जिनमें कुछ गेट 1 मीटर ऊंचाई तक खोले गए वहीं कुछ गेट 0.60 मीटर की ऊंचाई तक खोले गए थे।

इनका कहना है

मै महासंघ के उच्चाकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करवाता हूं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री, मतस्य कल्याण एवं मछुआ पालन, मप्र शासन

अगर संबंधित एजेंसी, ठेकेदार यह लापरवाही कर रहा है तो मै दिखवाता हूं!

- **आरिफ अंसारी,** क्षेत्रीय प्रबंधक, मतस्य महासंघ, राजगढ़

तकनीकी कार्य के चलते आज चार घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

सारंगपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के 132 केवी उपकेंद्र पनवाड़ी में आवश्यक तकनीकी कार्य एवं बैटरी सेट बदलने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 6 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत आपूर्ति बंद रहने के कारण 33 केवी सारंगपुर फीडर सहित पनवाड़ी, मदाना, निचामा, सालसलाई एवं शाजापुर फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विद्युत संबंधी कार्य पहले ही पूर्ण कर लें तथा विद्युत आपूर्ति बंद रहने के दौरान सहयोग प्रदान करें।

आदर्श विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया

माचलपुर। नगर के आदर्श विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस एवं श्रीकृष्ण



जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत धार्मिक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के आधार पर निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2100 रुपये, द्वितीय स्थान को 1100 रुपये तथा तृतीय स्थान को 500 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कन्या हाई स्कूल प्राचार्य प्रतापसिंह शाक्य एवं वरिष्ठ शिक्षक महेशचंद्र उपाध्याय का शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षक, शिक्षा और विद्यार्थियों के जीवन में गुरु के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय संचालक जगदीश गुर्जर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों व उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

जन्माष्टमी पर गूंजा जय कन्हैया लाल का जयघोष, फोड़ी दही हांडी

सारंगपुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हिंदू उत्सव समिति सारंगपुर द्वारा मुखर्जी चैक पर दही



हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात करीब 10 बजे शुरू हुए इस आयोजन में नगर की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान पूरा मुखर्जी चैक भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में गवली समाज, धनगर समाज और फूल माली समाज सहित विभिन्न समाजों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवाओं ने एक-दूसरे के ऊपर चढ़कर मानव पिरामिड बनाया और मटकी फोड़ने का प्रयास किया। प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी मुखर्जी चैक पर पहुंचे। युवाओं के उत्साह और दर्शकों के जयकारों से माहौल पूरी तरह कृष्णमय नजर आया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद बाल एवं युवा प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ मटकी फोड़कर जन्माष्टमी उत्सव की खुशियां मनाईं। मटकी फूटते ही उपस्थित लोगों ने जय श्रीकृष्ण और नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,सुशील व्यास, वैभव पुष्पद,सतीश मिश्रा, अनिल जैन,नवीन रुण्डवाल,इशांत मंगल,जितेंद्र मालवीय,संतोष धनगर,मोहित हाड़ा, चिराग सोनी मौजूद रहे।

महर्षि पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



जीरापुर। महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश जमीदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी , डॉ. बी.एल. गुर्जर, योगेश भावसार, राजेश राठौर, शरद भावसार व शिवम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र हेमराज दांगी का विशेष सम्मान किया गया। वहीं वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर रहे छात्र शिवम गिरी का भी सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वक्ताओं ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक के महत्व, कर्तव्य, अनुशासन और संस्कारों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने तथा अच्छे इंसान बनने के लिए प्रेरित किया गया। संचालन देवराज गुर्जर, कुलदीप गोस्वामी, रोहित टेलर, रोशनी जाटव व दिव्यांशी मीणा तथा आभार संस्था संचालक शिवचरण दांगी ने माना। शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रॉयल हाइट्स स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मना



जीरापुर। रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संचालक रणधीर सिंह चैहान, प्रबंधक यशवर्धन सिंह, प्राचार्य शैलेंद्र जोशी, वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर पुष्कर पटेल एवं भोला सेन ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के महत्व पर विचार व्यक्त किए तथा सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय परिवार द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया, वहीं विद्यार्थियों ने भी गुरुजनों को स्मृति-चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। संस्था संचालक रणधीर सिंह चैहान ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जीवन की सही दिशा भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण हेतु लीड कॉलेज में अभाविप, एनएसएस की पहल

शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने गुरुओं को भेंट किए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शिक्षक दिवस के अवसर पर स्थानीय पीएमश्री महाविद्यालय की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रेमछाया समिति की अभिनव पहल देखने मिली। तीनों संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज में अपनी गुरुओं को विभिन्न किस्मों के पौधे भेंट किए गए ताकि पेड़ बनने पर हरियाली की स्मृतियां हमेंशा यादगार बनी रहें। इस दौरान सभी प्रोफेसरों का सम्मान करते हुए विद्यार्थियों ने उनका चरण वंदन करते हुए आर्शिवाद लिया साथ ही गुरुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकरण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का सार्थक संदेश दिया।

इस दौरान अभाविप नगर मंत्री कुलदीप सिंगी ने कहा कि शिक्षक न केवल एक विद्यार्थी बल्कि पूरे समाज और देश का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं देते बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, अनुशासन, संस्कार और भविष्य निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

समाज और पर्यावरण को बचाते हैं पौधे

शिक्षकों को पौधे भेंट करने के पीछे पर्यावरण हरितिमा की भावना प्रमुख रही। परिषद के अन्य पदाधिकारियों स्वयं टेलर, तुषार, सुनील, जतिन, जिया, नंदनी, पंकज, राजेश गुर्जर, शिवराज सहित अन्य ने कहा कि जिस प्रकार एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के जीवन को ज्ञान से सींचकर बेहतर भविष्य निर्माण करते हैं उसी प्रकार एक पौधा भी समय के साथ बढ़कर समाज और पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभाता है।

केसी कॉन्वेंट हाई स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया




ब्यावरा। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर 5 सितंबर को के.सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल में शिक्षक दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, भारत माता और डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और सामूहिक "वंदे मातरम" गायन के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन शर्मा रहे। अध्यक्षता विद्यालय संचालक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि व जनपद सदस्य इंदर सिंह लववंशी ने की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा अ.ज.जा. मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम भील, कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर, प्रमोद साहू, भाजपा किसान मोर्चा जिला आईटी प्रभारी लखन लोधी और भाजपा युवा नेता आकाश छैया उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक सुरेंद्र कुमार कुशवाह व शिक्षिका सुरेखा विश्वकर्मा तथा आभार उपप्राचार्य रामजीवन लववंशी ने माना।

टेटवाल ने स्वास्थ्य जांच मशीनों व पुस्तकालय का किया लोकार्पण

सारंगपुर। मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल का जन्मदिन शनिवार को क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर धार्मिक, सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यकर्ता, समर्थक, जनप्रतिनिधि और आमजन ने पहुंचकर मंत्री को शुभकामनाएं दीं। डॉ. टेटवाल ने जन्मदिन की शुरुआत अपनी माता का आशीर्वाद लेकर की। इसके बाद ग्राम भैंसवा माता पहुंचकर बिजासन माता मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। इसके बाद कपिलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा कर गौशाला में गौपूजन एवं गौसेवा की। वही 56 लाख की स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मंत्री ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में करीब 56 लाख रुपए की लागत से स्थापित थायराइड परीक्षण सहित अन्य अत्याधुनिक स्वास्थ्य जांच मशीनों का लोकार्पण किया।

टैलेंट सर्च 2026, फाइनल में पहुंचे शायर सत्येंद्र 7 को दिल्ली में करेंगे गजलपाठ



राजगढ़। अदबी तंजीम 'अदबी संगम' कासगंज द्वारा आयोजित देशव्यापी 'टैलेंट सर्च 2026' (ऑल इंडिया मुशायरा ऑडिशन) के फाइनल राउंड के लिए शहर के शायर सत्येंद्र भारिल्ल का चयन हुआ है। देश के सैकड़ों रचनाकारों के ऑडिशन के बाद उन्हें फाइनलिस्ट में स्थान मिला है। 'अदबी संगम' द्वारा आयोजित इस टैलेंट सर्च का फाइनल मुकाबला दिल्ली में 7 सितंबर को ऐवान-ए-गालिब ऑडिटोरियम में होगा। इस मुशायरे में भारिल्ल, देश के ख्यात शायरों इकबाल अशहर, अज्म शाकिरी, शाहिद अंजुम और अनवर कमाल के साथ कलाम पेश करेंगे। संचालन नाजिम मोइन शादाब करेंगे। इससे पहले भारिल्ल को अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित उर्दू अदबी मंच 'अंदाज-ए-बयाँ और..' ने टैलेंट हंट में लगातार दूसरी बार देश के टॉप-50 शायरों में स्थान दिया है।

कृष्ण जन्माष्टमी पर जय कन्हैया लाल के जयकारे से गूंज उठा अंचल

नरसिंहगढ़। नगर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्तिगीतों से नगर भक्ती मय हो गया। मंदिरों पर आकर्षक विघुत सज्जा की गई। भगवान का मनमोहन श्रृंगार कर झांकियॉ बनाई गई। मंदिरों मे शाम से ही भजन कीर्तन का दौर प्रारभ्भ हो गया। रात्री 12 बजे मंदिरो मे महाआरती का आयोजन किया गया। नगर के प्रसिद्व राधाकृष्ण मंदिर बाराद्वारी, जमात मंदिर ,रामलला मंदिर पर जय कन्हैया लाल की जय घोष के साथ महाआरती उपरांत मक्खन मिश्री लुटाई गई। राधा कृष्ण मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया जिसमें नागर की प्रसिद्व भजन ग्रुप श्री सद्गुरु म्यूजिकल ग्रुप के एवं संयोजक कलाकार अनीता देवी द्वारा रात्रि तक मनमोहक भजन गाये गए। पंजेरी एवं लड्डू का प्रषाद वितरण किया गया। राधाकृष्ण मंदिर मे जन्मोत्सव के दौरान लडडू गोपाल कों आकर्षक झूले मे झुलाया गया। देर रात तक भक्तो की भीड मंदिरो मे रही।

टीईटी का विरोध, शिक्षक दिवस पर कालीपट्टी बांधकर स्कूल पहुंचे शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विभिन्न विसंगतियों के चलते जिले के शिक्षकों द्वारा टीईटी(टीचर इलीबिलिटी टेस्ट) पर अपना विरोध जाहिर किया जा रहा है। उक्त शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में शिक्षक समुदाय में इतना रोष व्याप्त है कि कल शिक्षक दिवस जैसे दिन भी अधिकांश शिक्षक कालीपट्टी बांधकर अपने-अपने स्कूलों में पहुंचे। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा प्रभारी भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर ने बताया यह टीईटी परीक्षा 2010 में कानून बनने के पहले के शिक्षकों पर भी लागू की जा रही ह। जिन शिक्षकों को नौकरी करते 25 वर्ष हो चुके हैं उन्हें यह परीक्षा दिलवाने का आखिर क्या औचित्य है। मुख्यमंत्रीजी ने ऑफलाईन परीक्षा की घोषणा की है लेकिन हमारी मांग है कि तमिलनाडु राज्य की तरह विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भिजवाए जाए ताकि केंद्र एक अध्यादेश लाकर कानून में संशोधन करें। इसके साथ ही इस टीईटी एग्जाम को लेकर अन्य विसंगतियां भी है जिसके चलते हमारे द्वारा विरोध किया जा रहा है। विभाग ने अभी तक यह क्लीयर नहीं किया है कि आखिर यह परीक्षा किन-किन शिक्षकों, अध्यापकों को देनी है। विभाग स्वयं संशय में है।

आलकी की पालकी... जय कन्हैयालाल की... जयकारों से गूंजा शहर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज ने शहर में निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नंद घर आनंद भयो.. जह कन्हैयालाल की... आलकी की पालकी... जय कन्हैयालाल की के जयकारों से गुंजायमान हुआ शहर, शनिवार की रात्रि में जैसे ही रात की 12 बजे वैसे ही नगर सहित पूरे क्षेत्र के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की महाआरती के साथ घंटिया गुंज उठी। इस दौरान यादव समाज ने भी दिनभर हुई बारिष के बीच भी भव्य चल समारोह निकाला गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर चल समारोह में जिलेभर से यादव समाज के महिला पुरूष शामिल हुए। जुलूस में भगवान श्री कृष्णा और बलराम जी की झांकियां रथ पर बैठाकर निकली। शुक्रवार सुबह 11:00 बजे शहर के सुठालिया रोड स्थित यादव समाज धर्मशाला से शुरू हुए जुलूस कृषि उपज मंडी गणेश मंदिर, बस स्टैंड, वैष्णो देवी मंदिर, पुलिस थाना, पुराना बस स्टैंड, पीपल चैराहा में मार्केट होता हुआ वापस नगर पालिका कार्यालय, मातृछाया होते हुए धर्मशाला स्थान पहुंचा, जहा पर सामाजिक मंच का आयोजन हुआ। मंच



संचालन पत्रकार सत्यनारायण यादव निवानिया तथा आभार समिति कोषाध्यक्ष अषोक यादव बरखेड़ा ने माना। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर यादव समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह में कटनी से आए कलाकारों ने शिव तांडव जैसे अनेक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव भी चल समारोह के रथ पर चल रही रासलीला में शामिल होकर थिरकते नजर आए।

दिनभर हुई बारिश में भी बड़ी संख्या में जुटे लोग

सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि जन्माष्टमी के अवसर पर दिनभर हुई बारिश में भी यादव समाज ने बड़ी उत्साह और उमंग के साथ शहर में चल समारोह निकाला। चल समारोह में शामिल युवाओं का हौसला इतना बुलंद था कि बारिश भी इनके आयोजन को नहीं रोक पाई और एक सफल आयोजन संपन्न हुआ। रिमझिम बारिश में भी युवाओं ने और समाज के प्रबुद्धजनों ने भी डीजे, बैंड और ढोल की ताल पर जमकर नृत्य किया और पूरे नगर को बृज भूमि सा बना दिया। इस दौरान नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, समाज जिलाध्यक्ष व राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलबर यादव, समाज के वरिष्ठ व्यवसाय लक्ष्मीनारायण यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेशचंद यादव, पूर्व सीसीबी बैंक मैनेजर रामसिंह यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उंकारसिंह यादव, कृष्ण जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष भगवानसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए।

शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया टीईटी का विरोध



सारंगपुर। मध्य प्रदेश संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने शासन द्वारा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों से पुनः शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी ई टी) लिए जाने के निर्णय का विरोध किया। शिक्षकों ने बताया कि नियुक्ति के समय उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित सभी मापदंड एवं आवश्यक अर्हताएं पूरी की थीं। इसके बाद वे वर्षों से निरंतर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षण प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में वर्षों की सेवा के बाद पुनः टी ई टी परीक्षा लिया जाना उचित नहीं है। शिक्षकों ने कहा कि वे शासन के इस निर्णय का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे हैं और मांग करते हैं कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी परीक्षा से मुक्त किया जाए। शिक्षक दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपनी मांग शासन तक पहुंचाने का संदेश दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्राचार्य दिनेश गुप्ता,कैलाश मालवीय,दीपक सोलंकी, दीपका बंसल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।